an>

Title: Regarding providing LPG dealership agency to youth.

श्री परेश रावल (अहमदाबाद-पूर्व) ः देश में शिक्षित लोगों को रोज़गार देना एक बड़ी समस्या, चुनौती एवं आवश्यकता है। देश में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा एल.पी.जी. वितरण नागरिकों को किया जाता है जिनकी संख्या करोड़ें में है। वर्तमान समय में एक एल.पी.जी. वितरक के पास हज़ारों की संख्या में एल.पी.जी. ग्राहक रहते हैं जिन्हें समय पर एल.पी.जी. वितरण करने में ज्यादा ग्राहक होने के कारण समस्या रहती है।

मेरी मंत्रालय से मांग है कि समग्र भारत में हर बेरोज़गार शिक्षित युवा को माहवार 25,000/- रूपये की आय हो सके, इतने एल.पी.जी. ग्राहकों को एल.पी.जी. एजेंसी देकर बनाया जाए, जिससे एल.पी.जी. कमीशन एक ही वितरक के पास न जाकर बेरोज़गार युवाओं में बंट सके। युवाओं को रोज़गार तो मिलेगा लेकिन सबसे बड़ा लाभ देश के नागरिकों को **""ओन डिमांड एल.पी.जी. गैस डिलीवरी""** मिलेगी।